दक्ष फाउंडेशन द्वारा ख्याल अपने बुजुर्गों का प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन

फरीदाबाद , (विजेंद्र फौजदार) दक्ष फाउंडेशन की ÷ख्याल अपने बुजुर्गों का÷ पहल के अंतर्गत आज डी.ए.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आशीर्वाद% शीर्षक के नाम से चित्रकला प्रतियोगिता % से आयोजित की। जिसमें 75 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने अपने पोता-पोती, नाती-नातिन के साथ भाग लिया।

श्रीमती सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमती सुषमा गुप्ता वाइस चेयरमैन हरियाणा रेड क्रॉस मुख्य अतिथि के रूप में और प्रधानाचार्य निदेशक डॉ सतीश अहूजा एवं इंस्पेक्टर सविता विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कार्यक्रम प्रायोजक डॉ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। दक्ष फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का पौधे देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम प्रायोजक तथा वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर दीप प्रज्वलन से किया।

सर्वोदय हॉस्पिटल सैक्टर-8, फरीदाबाद के विशेषज्ञों ने उपस्थित सभी का हेल्थ चेकअप किया। जिसमें जनरल हेल्थ चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर महिलाओं का यूरिक एसिड, ईसीजी आदि की व्यवस्था की गई ताकि इस कार्यक्रम में आने वाले बुजुर्ग अपना फ्री चेकअप करा सके।

कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक डॉ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह (मुख्य सलाहकार बोर्ड- कॉर्पोरेट मामले, दक्ष फाउंडेशन) ने अपने संबोधन में दक्ष फाउंडेशन की पहल ÷ख्याल अपने बुजुर्गों का÷ सराहना करते हुए कहा कि अब समाज में जरूरत है कि हम सब को मिलकर आगे आना होगा। कॉर्पोरेट जगत को दक्ष फाउंडेशन जैसी सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ाकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं फरीदाबाद पुलिस द्वारा उपस्थित लोगों को सीनियर सिटीजन एक्ट- 2007 व साइबर क्राइम के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कृत्रिम अंगों (आर्टिफिशियल लिंब्स) का रजिस्ट्रेशन किया। कृत्रिम अंग तैयार होने पर जो बाद में वितरित किए जाएंगे।

दधिचि देह दान समिति द्वारा उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने अंगों का दान करें, ताकि मरणोपरांत उनके अंग किसी जरूरतमंद के काम आ सके।

कार्यक्रम के दौरान दक्ष फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अंकुर शरण ने उपस्थित सभी का मनोरंजन करने के साथ साथ आह्वान भी किया कि सभी दक्ष फाउंडेशन की ÷ख्याल अपने बुजुर्गों का÷ मुहिम से जुड़े और समाज उत्थान के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में दक्ष फाउंडेशन के निदेशक सोनिया ने कार्यक्रम में आने के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्नल आदर्श कपलाप, विंग कमांडर एच.सी. मान, ब्रिगेडियर एन.एन. माथुर, डॉ. दीपक, राजेश कुमार, बिजेंद्र सरौत सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी, पुरुषोत्तम सैनी, अशोक नेहरा नितिन उप्पल, रिया चितकारा, राम शर्मा, अनुराग गुप्ता एवं भव्य कोशिक, विकास भाटिया, हनीस भाटिया, राकेश त्यागी का अहम योगदान रहा। कर्नल गोपाल सिंह, अजय श्रीवास्तव, सतबीर कादियान, तरुण गुप्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट, मनोज दुहन, प्रवेश मलिक आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।